हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 10 अंक : 302 | देहरादून, बृहस्पतिवार, 02 जून, 2022 | मूल्य : एक रुपया | पृष्ठ : 08



उत्तराखण्ड पुलिस के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया : डीजीपी अशोक कुमार 7

# पर्यटकों के लिए खुल गई फूलों की घाटी, रंगीन हुई वादियां

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

उत्तराखंड के चमोली जिले में स्थित विश्व धरोहर फूलों की घाटी आज पर्यटकों को खोल दी गई है. पार्क प्रशासन ने 4 किमी पैदल मार्ग की मरम्मत के साथ रास्ते पर 2 पैदल पुल का निर्माणकार्य भी पूरा कर दिया है. इस साल फूलों की घाटी में 12 से अधिक प्रजाति के फूल समय से पहले खिल गए हैं. फूलों की घाटी को 2004 में यूनेस्को ने विश्व प्राकृतिक धरोहर घोषित किया था.



**अद्भुत है विश्व धरोहर फूलों की घाटी -**

दुनियाभर के सैलानियों को लुभाने वाली फूलों की घाटी 87.5 किमी में फैली घाटी जैव विविधता का खजाना है... यहां पर दुर्लभतम प्रजाति के फूल, पशु पक्षी, जड़ी बूटी और वनस्पतियां पाई जाती हैं... यह दुनिया की इकलौती जगह है जहाँ पर प्राकृतिक रूप से 500 से अधिक प्रजाति के फूल खिलते हैं.. हर साल हजारों देशी विदेशी पर्यटक घाटी का दीदार करने आते हैं. फूलों की घाटी की यात्रा को लेकर वन विभाग ने कमर कस ली है. आज 1 जून को घांघरिया स्थित फूलों की घाटी गेट से पर्यटक फूलों की घाटी में प्रवेश करेंगे...

**ऐसे पहुंचे फूलों की घाटी -**

जो सैलानी यहाँ आना चाहते हैं उन्हें घांघरिया से करीब एक किलोमीटर के दायरे में वन विभाग की चौकी मिलेगी , यहीं से फूलों की घाटी शुरू होती है. यहीं पर शुल्क जमा होता है. यहां जाएं, तो कोई परिचय पत्र अवश्य साथ रखें. घांघरिया तक खच्चर भी मिलते हैं. गोविंद घाट पर सस्ते प्लास्टिक रेनकोट भी उपलब्ध हो जाते हैं. यहां गाइड भी उपलब्ध हैं. उत्तराखंड के गढ़वाल क्षेत्र में स्थित फूलों की घाटी करीब 87.50 किमी वर्ग क्षेत्र में फैली है. 1982 में यूनेस्को ने इसे राष्ट्रीय उद्यान घोषित किया था. यहां 500 से अधिक दुर्लभ फूलों की प्रजातियां मौजूद हैं.



# चारधाम यात्रा की व्यवस्थाओं की लगातार मॉनिटरिंग की जाए : मुख्यमंत्री धामी

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में उत्तराखण्ड के विद्युत लोकपाल सुभाष कुमार, मुख्य सचिव डॉ एस एस संधु, अपर मुख्य सचिव राधा रतूडी, आनंदबर्द्धन, पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार, प्रमुख सचिव आर के सुधांशु, विशेष प्रमुख सचिव अभिनव कुमार, सचिव शैलेश बगोली, आर मीनाक्षी सुन्दरम सहित वरिष्ठ अधिकारियों के साथ राज्य से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि चारधाम यात्रा की व्यवस्थाओं की लगातार मॉनिटरिंग की जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि श्रद्धालुओं को असुविधा या परेशानी का सामना न करना पडे। पंजीकरण की व्यवस्था में जरूरत होने पर और सुधार किया जाए।



मुख्यमंत्री ने राज्य के वित्तीय संसाधनों को बढाने के लिए गम्भीरता से प्रयास किये जाने की आवश्यकता है। यह देखा जाए कि किन किन सेक्टर से वित्तीय संसाधन जुटा जा सकते हैं। ऊर्जा के क्षेत्र में जलविद्युत संसाधन महत्वपूर्ण है। सोलर सेक्टर पर भी फोकस किया जाए। बिजली में लाईन एंड लॉस भी कम किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का उत्तराखण्ड से विशेष लगाव है। उनके मार्गदर्शन में उत्तराखण्ड के लिये बहुत सी महत्वपूर्ण विकास योजनाएं स्वीकृत हुई हैं और इन पर तेजी से काम भी हुआ है। केंद्रीय योजनाओं के संबंध में केंद्रीय अधिकारियों से समन्वय को और बेहतर बनाया जाए। इनमें राज्य स्तर से कोई विलम्ब नहीं होना चाहिए।


देहरादून, पंतनगर व पिथौरागढ़ एयर पोर्ट के विस्तार के लिए औपचारिकताओं को तेजी से पूरा किया जाए। पर्वतीय क्षेत्रों में मार्गों के सुधारीकरण के साथ ही पार्किंग व्यवस्था में भी सुधार किये जाने की आवश्यकता है। नये पार्किंग स्थलों का विकास किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में सङक मार्गों का सुधारीकरण व सुदृढ़ीकरण किया जाए। मायावती आश्रम, पाताल भुवनेश्वर, हिंगला देवी आदि पौराणिक स्थलों के सम्पर्क मार्गो का सुधार प्राथमिकता से किया जाए। अलकनंदा होटल के प्रबंधन को बेहतर बनाने की कार्य योजना तैयार की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा की सीएम सचिवालय में फाइलों के निस्तारण के लिये समय सीमा निर्धारित की जाए और उसका अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री ने जमरानी बांध, राष्ट्रीय राजमार्गों व प्रदेश में कानून व्यवस्था की भी समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने कानून व्यवस्था के लिये पेट्रोलिंग को बढाने और मुखबिर तंत्र को और मजबूत करने के निर्देश दिये। राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार और प्रसार किया जाए।

## एक से पांच जून तक 10 ट्रेनें रहेंगी रद्द, कई पुलों होगी मरम्मत

**हरिद्वार।** मुरादाबाद और सहारनपुर के बीच रेलवे पुलों की मरम्मत के लिए मेगा ब्लॉक लिया जाएगा। जिसके चलते एक से लेकर पांच जून तक 10 ट्रेनें रद्द कर दी गई हैं। ट्रेनें रद्द होने से यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। रेलवे के मुताबिक, सहारनपुर और मुरादाबाद के बीच रेल ट्रैक पर बुंदकी और नगीना स्टेशन के आसपास कई पुलों की मरम्मत की जाएगी। जिसके चलते एक से पांच जून तक मेगा ब्लॉक रहेगा। जिससे प्रयागराज से योगनगरी ऋषिकेश के बीच चलने वाली 14229 अप ट्रेन एक, दो, पांच और छह जून को रद्द रहेगी।

वापसी में 14230 योगनगरी से प्रयागराज एक्सप्रेस ट्रेन एक जून, देहरादून-काठगोदाम के बीच चलने वाली 12091 व 12092 एक्सप्रेस एक और पांच जून को रद्द रहेगी। जबकि प्रयागराज से सहारनपुर 14511 अप एक्सप्रेस ट्रेन दो और छह जून को रद्द रहेगी। सहारनपुर से प्रयागराज 14512 भी एक एवं पांच जून को नहीं चलेगी। चंदौसी से हरिद्वार 04359 अप ट्रेन दो एवं छह जून को रद्द रहेगी। वापसी में हरिद्वार चंदौसी 04360 डाउन भी एक व पांच जून को रद्द रहेगी। मुरादाबाद-सहारनपुर बीच चलने वाली ट्रेन संख्या 04301 एवं 04302 ट्रेन का संचालन एक व पांच जून को निरस्त रहेगा। वरिष्ठ वाणिज्य मंडल प्रबंधक सुधीर सिंह ने बताया कि मुख्यालय की ओर से पुलों की मरम्मत के लिए मेगा ब्लॉक लिया गया है।

## प्रदेश में आज आए कोरोना के आठ नए मामले, नौ मरीज हुए स्वस्थ



देहरादून। राज्य में कोरोना के मामले घटने-बढ़ने का क्रम जारी है। आज बुधवार को कोरोना के आठ नए मामले आए हैं। वहीं, नौ मरीज स्वस्थ भी हुए हैं। अब राज्य में 63 सक्रिय मामले हैं। इस में सबसे ज्यादा नैनीताल जनपद में छह लोग कोरोना संक्रमित मिले हैं, जबकि दो जनपदों में एक एक मामला अया है। उधर, दस जिलों में आज कोरोना कोई भी मामला सामने नहीं आया है। वहीं, आज नौ मरीज स्वस्थ भी हुआ है।

प्रदेश अब कोरोना के 63 सक्रिय मामले हैं। स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार निजी व सरकारी लैब से 1545 सैंपल की जांच रिपोर्ट प्राप्त हुई है। इनमें 1537 सैंपल की जांच रिपोर्ट निगेटिव आई है। आज उत्तराखंड में कोरोना के आठ नए मामले सामने आए हैं। उत्तराखंड में आज बुधवार को कोरोना के आठ नए मामले मिले हैं। कोरोना संक्रमण दर भी 0.52 प्रतिशत रही। वहीं, कोरोना से नौ मरीज स्वस्थ भी हुआ है। वहीं, राज्य में आज कोरोना से किसी मरीज की मौत नहीं हुई है।

## फोन से पति बोला पत्नी को, बच्चों को खूब पढ़ाना-लिखाना और फिर शक्तिनहर में लगाई छलांग





विकासनगर। देहरादून जनपद के विकासनगर कोतवाली अंतर्गत डाकपत्थर झूला पुल के समीप सहारनपुर (उत्तर प्रदेश) के कारपेंटर ने आत्महत्या के इरादे से शक्तिनहर में छलांग लगा दी। कुछ देर तक पानी में हाथ पांव मारने के बाद वह नहर में डूब कर लापता हो गया। नहर में कूदने से पहले युवक ने अपनी पत्नी को फोन कर कहा था कि बच्चों को खूब पढ़ाना व लिखाना। सूचना मिलने पर डाकपत्थर चौकी की पुलिस व एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और सर्च आपरेशन चलाया।

पुलिस को नहर किनारे से डूबे व्यक्ति का पर्स व मोबाइल फोन बरामद हुआ है। जानकारी के अनुसार, सहारनपुर उत्तर प्रदेश के सरसावा निवासी विक्रम पछवादून में कारपेंटर का काम करता था। हरबर्टपुर, डाकपत्थर और विकासनगर आदि क्षेत्र में कारपेंटर का काम लेकर किसी तरह से अपना व अपने परिवार का गुजारा कर रहा था। किसी बात को लेकर तनावग्रस्त कारपेंटर विक्रम डाकपत्थर में झूला पुल के पास गया और उसने पहले अपनी पत्नी से फोन पर बात की कि बच्चों को खूब पढ़ाना लिखाना। कुछ देर बात करने के बाद विक्रम ने फोन व पर्स नहर किनारे रखा और शक्तिनहर में छलांग लगा दी। किसी से सूचना मिलने पर डाकपत्थर चौकी प्रभारी अर्जुन सिंह गुसाईं मय पुलिस बल के मौके पर पहुंचे और एसडीआरएफ व जल पुलिस के माध्यम से सर्च आपरेशन चलाया। चौकी इंचार्ज ने घटनास्थल का निरीक्षण किया तो मौके पर डूबकर लापता हुए कारपेंटर का पर्स व मोबाइल फोन बरामद हुआ है। चौकी प्रभारी के अनुसार प्रथम दृष्टया जांच में कुछ परिवारिक दिक्कतों के कारण कारपेंटर तनाव में होने की बात सामने आयी है। सर्च आपरेशन चलाया जा रहा है।

# पिता को विलेन न बनाएं मां : बुरी आदतों को सुधारना भी एक कला है

न्यूज़ वायरस नेटवर्क





बच्चों की परवरिश आसान नहीं होती। हर मां-बाप चाहते हैं कि उनके बच्चा संस्कारी बनें और अच्छा व्यवहार करें, लेकिन बच्चा जब गलत व्यवहार करने लगे। बिगड़ने की राह पर चलने लगे तो उसे संभालना आसान नहीं होता। ऐसे में खासतौर पर मां की जिम्मेदारी बढ़ जाती है कि वह अपने बिगड़ते बच्चे को सही राह पर लाएं, क्योंकि मां ही भावनात्मक तौर पर बेटे के ज्यादा करीब होती है।

यूपी के एक कॉलेज के मनोविज्ञान विभाग की प्रोफेसर का कहना है कि बिगड़ते बेटों को संभालना भी एक कला है। मां का बेटे से व्यवहार दोस्ताना हो। बेटे की जिस गलत आदत को सुधारना चाह रही है, पहले वह उससे उस विषय पर बात करे। फिर यह जानने की कोशिश करें कि बेटे के मन में क्या है। उस गलत व्यवहार को क्यों अपनाया। किसी गलत आदत की किस बात ने उसे आकर्षित किया। जिसकी वजह से उसने वह हरकत करी। बात की तह में पहुंचना ही मां के लिए सफलता है। क्योंकि इसके बाद बेटे को समझाना और सुधारना आसान होगा।

**सूझबूझ का परिचय दें**

किसी भी मां को चाहिए कि वह अपने बिगड़ते बेटे को सही राह पर लाने के लिए बेहद सूझबूझ का परिचय दे। स्त्री में यह स्वाभाविक गुण होता है। जिसके जरिए वह बच्चे को सुधारने में कामयाब हो सकती है। बच्चे को वापस सही दिशा में लाने के लिए उसे अपनी इसी सूझबूझ का इस्तेमाल करना चाहिए।

**बच्चे की बात ध्यान से सुनें**

बच्चे को सुधारना तब आसान होगा, जब माता-पिता उसकी पूरी बात ध्यान से सुनेंगे। हर बच्चे को ये लगता है कि मां बाप अपनी बात ज्यादा सुनाते हैं और बच्चे की कम सुनते हैं। माता-पिता को ऐसा क्यों लगता है कि जोर-जबरदस्ती से बच्चा सुधारा जा सकता। जरूरत से ज्यादा डांटना बच्चे को जिद्दी बना देता है। किसी न किसी बात का प्रेशर भी बच्चों को जिद्दी बना सकता है। पता लगाएं कि बच्चे को क्या बात परेशान कर रही है, उसे जानने की कोशिश करें।

**माता-पिता का आपसी व्यवहार**

ज्यादातर मामलों में बच्चे अपने पिता की नकल करते हैं। उनके अच्छे और बुरे व्यवहार से सीखते हैं। यदि बच्चों के पिता चीख चिल्लाकर बात करेंगे या गलत आदतें उनके व्यवहार का हिस्सा होंगी, तो बच्चे भी किसी न किसी रूप में अनुसरण करेंगे। इसलिए जरूरी यह है कि माता पिता अपने आपसी व्यवहार को ठीक रखें। जिसका बच्चे पर पॉजिटिव असर हो।



# तैयार हो जाइये झमाझम होगी बारिश ! IMD ने दिया अपडेट



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

इस साल बढ़ते तापमान ने कई साल के रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। वहीं अब बारिश को लेकर भी ऐसी ही संभावना जताई जा रही है। आईएमडी ने भविष्यवाणी की है कि इस वर्ष अधिक बारिश होने की संभावना है। आईएमडी की रिपोर्ट के मुताबिक मानसून के इस मौसम में औसत बारिश के दीर्घकालिक अवधि औसत के 103 फीसद रहने की संभावना है। आईएमडी ने अप्रैल में कहा था कि देश में सामान्य वर्षा होगी, जो दीर्घकालिक अवधि औसत का 99 प्रतिशत होगी। इसके साथ, देश में इस साल 89.6 सेमी तक मौसमी वर्षा दर्ज की जा सकती है। लेकिन जहां देश के अधिकांश हिस्सों में सामान्य से अधिक बारिश होने की संभावना है. वहीं पूर्वोत्तर, पूर्व, पूर्व-मध्य और दक्षिण-पश्चिम प्रायद्वीपीय भारत के कुछ क्षेत्रों में सामान्य से कम वर्षा हो सकती है। इससे पहले, अप्रैल में, आईएमडी ने कहा था कि देश में सामान्य वर्षा होगी।




दक्षिण भारत में मानसून आगे बढ़ तो रहा है, लेकिन इसकी रफ्तार में मामूली कमी आई है। पिछले 24 घंटों के दौरान, लक्षद्वीप, अंडमान निकोबार द्वीप समूह और केरल में हल्की से मध्यम बारिश हुई। कहीं-कहीं पर भारी बारिश दर्ज की गई। आईएमडी ने बुलेटिन में बताया कि दक्षिण-पश्चिम मानसून पूरे केरल पर छा गया है कर्नाटक व तमिलनाडु के कुछ हिस्सों और दक्षिण-पश्चिम के कई इलाकों में आगे बढ़ा है। अरब सागर से आ रही मानसूनी हवाओं के असर से केरल, लक्षद्वीप में गरज के साथ हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है।

मौसम विभाग के मुताबिक, जम्मू-कश्मीर और हिमाचल में एक पश्चिमी विक्षोभ बन गया है, जिसके असर से अगले तीन दिनों के दौरान इन राज्यों में कुछ जगहों पर बारिश हो सकती है। पश्चिमी राजस्थान से हरियाणा, यूपी, बिहार तक निम्न दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। इसके असर से हरियाणा, दिल्ली उत्तराखंड , और वेस्ट यूपी में गरज के साथ हल्की बारिश की संभावना है। पिछले 24 घंटों के दौरान भी इनमें से कई जगहों पर धूल भरी आंधी और बारिश देखी गई।

# दुबारा संगठन मजबूत कर लड़ेंगे जनता की लड़ाई, आप कार्यकारिणी की हुई बैठक



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

आम आदमी पार्टी प्रदेश कार्यालय में प्रदेश कार्यकारिणी की एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। प्रदेश में आगामी संगठन विस्तार को लेकर यह बैठक आयोजित की गई जिसमें प्रदेश अध्यक्ष दीपक बाली समेत आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रभारी दिनेश मोहनिया मौजूद रहे।

इस दौरान आम आदमी पार्टी प्रदेश प्रभारी दिनेश मोहनिया ने बताया कि पार्टी संगठन विस्तार को लेकर धरातल पर लगातार कार्य कर रही है और संगठन को मजबूत करने के लिए पार्टी लगातार संघर्षरत है। उन्होंने बताया कि आम आदमी पार्टी संघर्षों से निकली हुई पार्टी है और आम आदमी पार्टी का संघर्ष लगातार जारी है।


वहीं आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बाली ने बैठक में मौजुद तमाम पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि बहुत जल्द सभी के सहयोग से पार्टी संगठन में बड़ा जुड़ाव होगा जिससे आम आदमी पार्टी के प्रदेश संगठन में कई लोगों को जोड़ा जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि प्रदेश के संगठन समन्वयक जोत सिंह बिष्ट द्वारा लगातार संगठन की बारीकियों को देखते और परखते हुए कार्य किया जा रहा है और बहुत जल्द संगठन का विस्तार किया जाएगा जिसे मीडिया के माध्यम से सभी के संज्ञान में लाया जाएगा।

उन्होंने यह भी कहा कि आम आदमी पार्टी जिस तरीके से 70 की 70 विधानसभा सीटों पर विधानसभा का चुनाव लड़ी ठीक उसी प्रकार नगर निगम और नगर निकाय के चुनाव को आम आदमी पार्टी पूरे प्रदेश में बड़ी मजबूती के साथ लड़ेगी। इस दौरान आप प्रभारी दिनेश मोहनिया, आप प्रदेश अध्यक्ष दीपक बाली, प्रदेश उपाध्यक्ष बसंत कुमार, शिशुपाल रावत, डिंपल सिंह, प्रवीण बंसल और मीडिया प्रभारी अमित जोशी मौजूद रहे।

# दीपक नागलिया बने दून क्लब के नए अध्यक्ष, अंकुर अग्रवाल ने जीत को बताया दून क्लब का स्वर्णिम अवसर

वाईडीटी समूह की ओर से भारी जीत पर शुभकामनाएं



दीपक नागलिया,नवनिर्वाचित अध्यक्ष, दून क्लब, देहरादून

**मो.सलीम सैफी**
**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून। प्रभात सिनेमा के मालिक के रूप में विख्यात देहरादून के प्रसिद्ध उद्योगपति दीपक नागलिया दून क्लब के नए अध्यक्ष चुने गए। श्री नागलिया भारी बहुमत से निर्वाचित होने वाले ऐसे पहले अध्यक्ष है जो 24 साल बाद एक बार फिर अध्यक्ष निर्वाचित हुए है।

श्री नागलिया वाईडीटी समूह के सबसे सम्मानित सदस्य होने के साथ साथ युवाओं के साथ युवा,बुजुर्गो के साथ बुजुर्ग,बच्चो के साथ बच्चे वाले नेचर के गंभीर शख्स है,श्री नागलिया के भारी बहुमत से चुने जाने पर वाइडीटी समूह के अंकुर अग्रवाल ने दून क्लब के सभी सम्मानित मतदाताओं का आभार व्यक्त किया,श्री अंकुर अग्रवाल ने श्री दीपक नागलिया की जीत को दून क्लब की प्रतिष्ठा के लिए स्वर्णिम अवसर बताया,जबकि उत्तराखंड जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव ललित भट्ट ने उनकी जीत को विश्वास की जीत बताया। मुंबई विश्वविद्यालय के प्रोफेसर सौरभ चतुर्वेदी,सुशांत ,संदीप गोयल,अमेंद्र,हेमंत कुरीच,प्रवीण एंटल,विनीत बंसल और सुशांत गुप्ता सहित न्यूज वायरस नेटवर्क के सीईओ मो सलीम सैफी ने उन्हें जीत की हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई दी है।

# उत्तराखंड की बेटी डॉ सना समीर देशभर के 40 दिग्गज कंटेंट राइटर्स की सूची में हुई शामिल







**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

नैनीताल के सुप्रसिद्ध लेखक, कवि, पत्रकार व समाज सेवी सैय्यद आबाद जाफ़री की बेटी और हाई कोर्ट के युवा वकील काशिफ जाफरी की बहन डॉ. सना समीर को इक्स्चेंज फ़ॉर मीडिया द्वारा कंटेंट राइटर में देशभर में 40 दिग्गजों की सूची में शामिल किया गया है। यह कार्यक्रम 31 मई को मुंबई के प्रसिद्ध गलोकल जंक्शन नेहरू प्लैनेटेरीयम में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में देशभर के एडवरटाइजिंग, कंटेंट जगत के महानुभाव मौजूद थे। इस दौरान एडवरटाइजिंग जगत के महान सेम बल्सारा ने कार्यक्रम में चार चांद लगाए। इस अवार्ड की सूची में ज़ी टीवी, पेप्सिको जैसी जानी मानी कम्पनियों के लोगों का नाम शामिल था।

बता दें कि सना बीते 14 वर्षों से मीडिया और कांटेंट की दुनिया से जुड़ी हैं। उनकी इस उपलब्धि पर उनके भाई सैय्यद काशिफ़ जाफ़री ने कहा कि सना को इस मुक़ाम पर देखकर उनका पूरा परिवार बहुत खुश है। सना की सफलता पर बधाई देने वालो का तांता लगा हुआ है।

जिंदगी में बड़ा जरूरी है ये समझना कि क्या जरूरी है।

ये शेर पापाजी कई बार कहा करते थे। मैं खुश हूं कि तुम जिंदगी में एक अच्छा मकाम़ हासिल कर रही हो ऐसे ही जिंदगी में बहुत बुलंदी तक पहुंचो पापा बहुत ही खुश हैं हम सबको एक-एक करके बुलंदी तक पहुंचते देख कर। बड़ा भाई होने के नाते मैं हमेशा तुम्हारे उज्जवल भविष्य की कामना करता रहूं तुम्हें पापा की तरह बहुत सारे काम करने हैं ।हम सब मिलकर उनके हर एक सपने को साकार करते हुए समाज में उनका नाम हमेशा रोशन करते रहेंगे।



# 19 साल का विभीषण निकला हेलीकॉप्टर बुकिंग फ्रॉड का मास्टरमाइंड, चमोली पुलिस को बड़ी कामयाबी

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**






इन दिनों प्रदेश में चल रही चारधाम यात्रा के दौरान साइबर ठगों द्वारा फर्जी साइट तैयार कर होटल बुकिंग, यात्रा रजिस्ट्रेशन, व चारधाम यात्रा हेतु हैलीकॉप्टर बुकिंग के नाम पर फर्जी साइट्स बनाकर लाखों रुपये की ठगी की जा रही है। इसी क्रम मेंबीते दिनों उत्तर प्रदेश से श्री बद्रीनाथ दर्शन को आए श्रद्धालु अम्बरीश कुमार ने कोतवाली बद्रीनाथ में आकर बताया कि हिमालयन हेली सर्विस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा केदारनाथ हेतु ऑनलाइन हेलीकॉप्टर बुकिंग के नाम पर उनके साथ 24,590/ रुपये की ठगी की गई है।

देशभर में श्रद्धालुओं के साथ घटित हो रही इस घटना की गम्भीरता का स्वयं संज्ञान लेते हुए पुलिस अधीक्षक जनपद चमोली श्वेता चौबे ने कोतवाली श्री बद्रीनाथ को इस मामले में मुकदमा पंजीकृत करने व फ्रॉड से सम्बन्धित अभियुक्त की शीघ्र गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम गठित करने के निर्देश दिए। एसपी के आदेश के बाद कोतवाली श्री बद्रीनाथ में मुकदमा दर्ज कर थाना गोविन्दघाट में नियुक्त उपनिरीक्षक विनोद चौरसिया ने छानबीन शुरू की।

अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए उपनिरीक्षक विनोद चौरसिया के नेतृत्व में एसओजी टीम ने बेहद तेज़ी के साथ सटीक कार्यवाही करते हुए सर्विलांस शाखा एवं तकनीकी सहायता से फोन कॉल्स एवं लोकेशन के आधार पर अभियुक्त का नवादा (बिहार) में होने का पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे के आदेश से अभियुक्त की तलाश एवं गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम बिहार रवाना की गई। मोबाइल लोकेशन,एटीएम की सीसीटीवी फुटेज एवं बैंक डिटेल व आधार कार्ड पर लगी फोटो के आधार पर स्थानीय पुलिस/बैंक कर्मियों एवं अन्य की सहायता से बिहार में लगातार 10 दिनों के कार्यवाही और शिकायतकर्ता को कॉल करने बाले एवं वैबसाइट पर लिंक मोबाइल नम्बर और दो मोबाइल फोन व 42,000/-रुपये नगद के साथ 19 साल के मुख्य अभियुक्त विभीषण महतो को थाना नवादा (बिहार) से गिरफ्तार कर बड़ी कामयाबी पाई है।

पूछताछ में अभियुक्त विभीषण ने कबूल किया कि उसके द्वारा ही हेलीकॉप्टर बुकिंग के नाम पर लोगों से ठगी की जा रही है व अबतक देशभर में अलग-अलग लोगों से 15 से 20 लाख की धोखाधड़ी की जा चुकी है।

**कैसे होता था ऑनलाइन फ्रॉड का खेल –**

अभियुक्त ने बताया कि केदारनाथ व बद्रीनाथ के लिए हैलीकॉप्टर बुकिंग हेतु फर्जी वेबसाइट्स तैयार करने व उन साइट्स की होस्टिंग के लिए तेलंगाना निवासी एक




इंजीनियर की मदद ली जाती है, जिसे अभियुक्त द्वारा प्रतिदिन 4000/- से 5000/- रुपये भुगतान किया जाता है। ताकि फर्जी वैबसाइट्स गूगल पर सर्च करने पर सबसे ऊपर दिखाई दे। चारधाम यात्रा के दौरान हैलीकॉप्टर बुकिंग के नाम पर लोगों से ठगी के लिए अभियुक्त द्वारा दो अलग-अलग साइट्स 1- https://www.himalayanheliservice.com2- https://www.kedarnathjourney.com बनवाई गई।

अभियुक्त ने बताया कि इन साइट्स पर अभियुक्त उसने अपने अलग-अलग फर्जी मोबाइल नम्बर डाले गए थे,जिन पर यात्रियों के द्वारा कॉल करने पर मैं ही स्वयं केदारनाथ व बद्रीनाथ हेतु हैली बुकिंग व पैकेज किराये के बारे में बताता हूँ। जैसे ही यात्री मेरी बातों में आकर हैली बुकिंग करवाने को तैयार हो जाते हैं, तो मैं SBI बैंक और अन्य माध्यमों से पैसे मंगवाता हूँ,और जब यात्रियों को शक होता है कि उनके साथ धोखाधड़ी हो गयी है तो यह कहकर और पैसे मंगवा लेता हूँ कि website suspend हो गयी है,यदि आप अपनी कन्फर्म टिकट चाहते हैं तो आपको कुछ पैसे और देने पड़ेंगे, इस पर लोग और पैसे मेरे एसबीआई अकाउंट में, पेटीएम में, तथा यूपीआई के माध्यम से भेज देते हैं। उन पैसों को मैं तत्काल नेट बैंकिंग व अन्य एप्प के माध्यम से लगातार अन्यत्र ट्रांस्फर करके कुछ पैसों को एटीएम से निकाल लेता हूँ और कुछ पैसों को यूनियन बैंक,एक्सिस बैंक,एचडीएफसी बैंक,फिनो पेमेन्ट बैंक,एयरटेल पेमेन्ट बैंक,पेटीएम पेमेन्ट बैंक में ट्रांसफर कर देता हूँ। मेरे द्वारा पिछले 20-25 दिनों में काफी लोगों के साथ केदारनाथ हैली सर्विस, बद्रीनाथ हैली सर्विस पर करीब 15-20 लाख रुपये की धोखाधड़ी की गयी है।

# छींकते हुए क्यों बोला जाता है 'सॉरी' और 'God Bless you ? जानिए वजह

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**



छींकना एक प्राकृतिक क्रिया है, कुदरत ने इंसानों के हर एक क्रिया को एक ख़ास कारण से डिजाइन किया है... अगर आप छींकते हैं, तो ये बॉडी के लिए काफी अच्छा संकेत माना जाता है... कहा जाता है कि छींकना हेल्थ के लिए काफी अच्छा होता है.. इससे बॉडी के अंदर गई सारी गंदगी बाहर आ जाती है... जब कभी बॉडी के अंदर बाहरी तत्व घुसते हैं, तो ये अंदर कई तरह की समस्याओं को पैदा कर सकते हैं... ऐसे में छींकने से ये तत्व बाहर निकल जाते हैं...

अब आपको छींकने के फायदों के बारे में तो ज्ञान हो गया. लेकिन छींक से जुड़ी एक रोचक बात की तरह आज न्यूज़ वायरस टीम आपको बता रही है .. छींकने के दौरान कई बार आपने नोटिस किया होगा कि लोग सॉरी बोलते हैं. साथ ही जिसके सामने छींका गया हो, वो गॉड ब्लेस यू बोलता है. हम और आप भी इसे फॉलो करते हैं. लेकिन क्या आपने कभी ये जानने की कोशिश की है कि आखिर ऐसा क्यों किया जाता है?

**ये है कारण**

जानकार लोगों के मुताबिक़,जब इंसान छींकता है तो वो अपनी बॉडी के अंदर मौजूद टॉक्सिक वेस्ट को बाहर की तरफ निकालता है. ऐसे में चान्सेस काफी ज्यादा होते हैं कि आपके छींकने के दौरान वहां मौजूद दूसरे लोगों के अंदर सांस लेने के दौरान वो वेस्ट चला जाए. इससे सामने वाला इंसान बीमार पड़ सकता है. इस वजह से हम छींकते हुए सॉरी या एक्सक्यूज मी बोलते हैं. वहीं छींकने की क्रिया के दौरान बॉडी पर इसका काफी असर पड़ता है. ये कई बार जानलेवा भी हो सकता है. इसकी वजह से सामने वाला गॉड ब्लेस यू बोलता है...

**भूल से भी ना रोकें छींक**

हममें से ऐसे कई लोग हैं, जिन्हें ऐसा लगता है कि छींकने की वजह से पब्लिक में लोग उन्हें जज करेंगे. खासकर कोरोना के बाद. लेकिन आपको बता दें कि छींक रोकना काफी खतरनाक हो सकता है. ऐसा भूल से भी नहीं करना चाहिए. अगर आपको अपने आसपास के लोगों की परवाह है तो छींकते हुए अपने नाक पर रुमाल रख लें. लेकिन कभी भी छींक को रोकने की कोशिश ना करें.



# हरिद्वार में PCS अरविंद पांडेय ने खुलवाया पर्यटन विभाग का पंजीकरण केंद्र , यात्रियों को हुई आसानी




**न्यूज वायरस नेटवर्क**

चारधाम यात्रा के लिए तीर्थयात्रियों को पंजीकरण को लेकर किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसे ध्यान में रखते हुए पर्यटन विभाग ने हरिद्वार में नया पंजीकरण केंद्र स्थापित किया है। प्रदेश के वरिष्ठ पीसीएस अफसर और फिलहाल पर्यटन विभाग से जुड़कर चार धाम यात्रा के सञ्चालन में अहम भूमिका निभा रहे अनुभवी अधिकारी अरविंद पांडे ने अपनी मौजूदगी में हरिद्वार के पंतदीप पार्किंग में तीन काउंटरों के इस रजिस्ट्रेशन सेंटर को शुरू कराया जहाँ पर यात्रियों ने अपना पंजीकरण कराना भी शुरू कर दिया है।

आपको बता दें कि दो दिन पहले ही टूर ऑपरेटर एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के पदाधिकारियों ने अतिरिक्त पंजीकरण केंद्र खोले जाने को लेकर सचिव पर्यटन से अनुरोध किया था। जिस पर सचिव पर्यटन द्वारा सैद्धान्तिक सहमति प्रदान की गई थी। सचिव पर्यटन के निर्देश पर पीसीएस अधिकारी अरविंद पांडेय ने हरिद्वार पहुंचकर पंजीकरण केंद्र की स्थापना करवाई गई। केंद्र में फिलहाल 03 काउंटर लगाए गए हैं। इसके पश्चात अरविन्द पांडे ने ऋषिकेश आईएसबीटी स्थित पंजीकरण केंद्र पहुँच कर ग्राउंड रियलिटी देखी और ज़रूर निर्देश दिए।

हरिद्वार में स्थापित किये गए पंजीकरण केंद्र से चारधाम यात्रा के लिए आ रहे श्रद्धालुओं को सहूलियत हो और उनके समय की बचत हो , इसलिए पर्यटन विभाग ने ये केंद्र खोला है। हमारी कोशिश है कि देवभूमि में तीर्थाटन के लिए आने वाले किसी भी श्रद्धालु को कोई असुविधा न हो , इसके लिए मुख्यमंत्री धामी , पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज और सचिव पर्यटन के साथ साथ हम सबकी कोशिश है कि अतिरिक्त कोटे से तत्काल पंजीकरण सुविधा दी जाये। अच्छी बात है कि पहले ही दिन हरिद्वार के काउंटर से यात्रियों ने पंजीकरण कराना शुरु कर दिया। नए पंजीकरण केंद्र के कारण ऋषिकेश में तीर्थयात्रियों की भीड़ को भी नियंत्रित किया जा सकेगा - अरविंद पांडेय , वरिष्ठ PCS अधिकारी

# राष्ट्रीय जनजाति नृत्य महोत्सव जीतने पर उत्तराखंड टीम ने बढ़ाया गौरव : सतपाल महाराज

## प्रदर्शन करने वाले सांस्कृतिक दल ने महाराज से की मुलाकात

आशीष तिवारी
न्यूज़ वायरस नेटवर्क

भुवनेश्वर, उड़ीसा में आयोजित राष्ट्रीय जनजातीय नृत्य महोत्सव-2022 के आयोजन में उत्तराखंड को प्रथम पुरस्कार दिलवाने वाले जौनसारी सांस्कृतिक दल ने प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज से भेंट कर उनका आभार व्यक्त किया है।

भुवनेश्वर, उड़ीसा में 19 से 21 मई तक आयोजित राष्ट्रीय जनजातीय नृत्य महोत्सव-2022 के आयोजन में उत्तराखंड को प्रथम पुरस्कार दिलवाने वाले जौनसारी सांस्कृतिक दल के नायक कुन्दन सिंह चौहान ने साथी कलाकारों के साथ प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज से कैम्प कार्यालय पर भेंट कर उनका आभार जताया।

इस मौके पर पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि भुवनेश्वर, उड़ीसा में राष्ट्रीय जनजातीय नृत्य महोत्सव-2022 के आयोजन में देश के 24 राज्यों के 650 कलाकारों ने अपनी नृत्य कला का प्रदर्शन किया। उन्होने कहा कि उन्हें खुशी है कि उत्तराखंड के सांस्कृतिक कलाकारों ने भी इसमें प्रतिभाग कर जौनसारी नृत्य की शानदार प्रस्तुति के माध्यम से प्रदेश को प्रथम पुरस्कार दिलवाया जो कि हमारे लिए गर्व की बात है।

जनजातीय नृत्य महोत्सव-2022 के आयोजन में जौनसारी हाथी नृत्य, हिरन नृत्य, ठोऊडा, हारूल-तांदेय, झैंता एवं रासो नृत्य के माध्यम से उत्तराखंड की संस्कृति को राष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुती के साथ-साथ प्रदेश को प्रथम पुरस्कार दिलवाने के लिए संस्कृति मंत्री ने टीम लीडर कुंदन सिंह चौहान और उनके दल में शामिल अरविंद राणा, नरेश शाह, राजेश चौहान, गजेंद्र चौहान, शालू नेगी, अंकिता वर्मा, धर्म सिंह चौहान, टीकम सिंह, अर्जुन, सचिन, रागिया भारती, कांसिया वर्मा, रोहित मोड़का, अनूप चांगटा, सपना, मनीषा, ईशा वर्मा, मोनिका, अनुज और नितेश को शुभकामनाएं देते अपेक्षा की कि आगे भी वह इसी प्रकार से उत्तराखंड की सांस्कृतिक विरासत को बढ़ाने का काम करते रहेंगे।



# क्या दो दिन में गिले शिकवे, आरोप, खेमेबाज़ी मिटा कर एक हो पायेगी उत्तराखंड कांग्रेस ?

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उदयपुर में राष्ट्रीय स्तर के चिंतन शिविर के बाद अब उत्तराखंड कांग्रेस का नव संकल्प क्रियान्वयन शिविर आयोजित हुआ है .... ये चिंतन शिविर एक ऐसे मोड़ पर शुरू हुआ जब प्रदेश में उपचुनाव के लिए मतदान किया गया है। आपको बता दें कि चम्पावत उपचुनाव में कांग्रेस उमीदवार को कमज़ोर बताकर लड़ाई को इकतरफा जीतने का दावा भाजपा सरकार कर रही है। ऐसे में जब बीते दिनों खेमों के बीच जमकर बयानबाज़ी हुई और सोशल मीडिया से लेकर तक में बंटी हुई कांग्रेस दिखाई दी उसके बाद उत्तराखंड नव संकल्प क्रियान्वयन शिविर को बेहद अहम बताया जा रहा है।

2 दिनों के लिए आयोजित शिविर में कितना चिंतन होगा और कितना आरोप प्रत्यारोप ये तो अंदर खाने की बात है लेकिन इसमें पार्टी के सभी वरिष्ठ नेता शिरकत कर रहे हैं ये ख़ास बात है। इसी कड़ी में पहले दिन कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करण माहरा, पूर्व विधायक हीरा सिंह बिष्ट, राज्यसभा सांसद प्रदीप टम्टा और पूर्व विधायक संजीव आर्य भी क्रियान्वयन शिविर में शामिल हुए हैं...

इसके अलावा बीते रोज देहरादून पहुंचे कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी देवेंद्र यादव ने भी उत्तराखंड नव संकल्प क्रियान्वयन शिविर में भाग लिया. चिंतन शिविर का शुभारंभ कांग्रेस प्रदेश प्रभारी देवेंद्र यादव, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य व कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करण मेहरा ने किया...

पार्टी नेताओं का कहना है कि नव संकल्प क्रियान्वयन शिविर का उद्देश्य प्रदेश में कांग्रेस को मजबूत करना है... क्योंकि पीछे कुछ समय से प्रदेश में कांग्रेस की स्थिति चिंताजनक होती जा रही है.... ऐसे में इस शिविर के जरिए कांग्रेस को बूथ स्तर पर दोबारा से मजबूत किया जाएगा... लेकिन देखना तो ये होगा की दो दिन में क्या वो दूरियां , शिकायते और खेमेबाज़ों का गुस्सा खत्म हो जायेगा और क्या किसी भी राजनैतिक मुद्दे पर सभी पार्टी नेताओं के सुर एक हो पाएंगे ?








# वन-वे ट्रैफिक सिस्टम से जाम मुक्त हो सकेंगे चारधाम मार्ग






**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

उत्तरकाशी जिले में चारधाम यात्रा मार्गों पर जाम से निजात पाने के लिए वन वे ट्रैफिक सिस्टम लागू किया गया है। यह सिस्टम यात्रा मार्ग पर उन जगहों पर लागू किया जाएगा जहां रास्ता संकरा है। इस सिस्टम के लागू होने से जहां यात्रा मार्गों पर दोनों ओर वाहनों की कतार लगने से निजात मिलेगी वहीं यातायात भी सुचारु रुप से चालू रहेगा।बीते दो साल बाद बिना बंदिशों के शुरू हुई चारधाम यात्रा के लिए रोजाना हजारों तीर्थयात्री पहुंच रहे हैं। ऐसे में यात्रा मार्गों पर तीर्थयात्रियों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े, इसे ध्यान में रखते हुए वन वे सिस्टम लागू किया गया है। इस सिस्टम को लागू करने का प्रमुख उद्देश्य यह है कि यात्रा मार्ग पर वाहनों की कतार न लग सके। इससे यात्री भी बिना जाम के कम समय में यात्रा पूरा कर रहे हैं। जाम नहीं लगने से यात्रा मार्गों पर साफ सफाई भी देखी जा रही है। क्योंकि जाम नहीं लगने से यात्री अपने गंतव्य की ओर सीधे रवाना हो रहे हैं। इस पूरे सिस्टम को उत्तरकाशी जिले के यातायात विभाग द्वारा लागू किया गया है।

**वाहन हुआ खराब तो मिली वैकल्पिक वाहन की सुविधा**

चारधाम यात्रा पर आए 40 तीर्थयात्रियों की एक बस पौड़ी गढ़वाल पर खराब हो गई। जिस पर पर्यटन पुलिस की ओर से उन्हें 05 वाहनों की वैकल्पिक व्यवस्था कर उन्हें उनके गंतव्य तक पहुंचाया। पर्यटन पुलिस के कार्यों की सराहना करते हुए यात्रियों ने कहा कि वाहनों की वैकल्पिक व्यवस्था से उनकी समस्या का आसानी से समाधान हो गया। दरअसल पौड़ी गढ़वाल जिले के पुलिस चौकी श्रीकोट को सूचना मिली की एक बस खराब हो गई है जिसमें सवार यात्री काफी समय से परेशान हैं। चौकी श्रीकोट पुलिसकर्मियों द्वारा मौके पर पहुंचकर वैकल्पिक वाहन की व्यवस्था की गई।

**वृद्ध यात्री को उपचार हेतु अस्पताल पहुंचाया**

श्री हेमकुंड साहिब से घांघरिया लौट रहे यात्री मंजीत सिंह पुत्र गोपाल सिंह उम्र 68 वर्ष, निवासी लुधियाना की रास्ते में तबियत खराब हो गई। घांघरिया में नियुक्त पुलिस बल एवं एसडीआरएफ द्वारा उक्त वृद्ध यात्री को रेस्क्यू कर उपचार हेतु अस्पताल पहुंचाया गया। उधर राडी टॉप स्थान पर ढाबे पर छूटे पर्स जिसमें नकदी के साथ अन्य दस्तावेज थे को श्रद्धालु को खोजकर उनके सुपुर्द किया गया। गंगोत्री धाम की यात्रा पर महिला श्रद्धालु की चैन खो गई। आपदा स्वयंसेवक राजेश रावत द्वारा महिला कुंड के पास खोजबीन कर वापस यात्री को लौटाया गया। श्रद्धालुओं द्वारा चारधाम यात्रा से जुड़े कर्मियों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।



**अपनत्व अभियान से यात्रियों को हो रही है सुविधा :** रुद्रप्रयाग में चारधाम यात्रा पर आये श्रद्धालुओं की मदद हेतु मिशन अपनत्व अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान के जरिए बिछड़े हुए श्रद्धालुओं को उनके परिजनों से मिलवाये जाने, बुजुर्ग, बीमार व असहाय श्रद्धालुओं को सहारा देकर मंदिर दर्शन कराए जाने, खोए हुए सामान को ढूंढकर लोगों तक पहुंचाने का काम किया जा रहा है।

# डीएम हरिद्वार ने सतर्कता समिति एवं जिला स्तरीय सर्वेक्षण बैठक में लिया फीडबैक

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

हरिद्वार के जिलाधिकारी विनय शंकर पांडेय की अध्यक्षता में एम0एस0 एक्ट 2013 के क्रियान्वयन हेतु जिला स्तरीय सतर्कता समिति एवं जिला स्तरीय सर्वेक्षण समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी को समाज कल्याण अधिकारी ने सीवर सफाई के दौरान सफाई कर्मियों की मृत्यु की घटना तथा उसका मुआवजा दिये जाने, सफाई कर्मियों का सर्वेक्षण किये जाने, सफाई कर्मियों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराये जाने तथा नगर निगम एवं नगर निकायों जैसी अन्य संस्थाओं द्वारा नालों तथा सीवर टैंक की सफाई करने वाले कर्मियों को क्या सुविधा दी जा रही है, के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी।

डीएम विनय शंकर पाण्डेय ने समाज कल्याण अधिकारी से रूड़की सीवर टैंक में हुई घटना में दिवंगतों के परिजनों को मा0 उच्च न्यायालय के आदेशों के अनुपालन में मुआवजा राशि के उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में पूछा तो समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि इस घटना के पीड़ित परिवारों के आश्रितों को दस-दस लाख रूपये की धनराशि बैंक के माध्यम से उपलब्ध करा दी गयी है। बैठक में यह भी बताया गया कि जनपद में हाथ से काम करने वाले सफाई कर्मियों का सर्वेक्षण कराया गया था, जिसके अन्तर्गत लगभग 2258 कर्मियों का चिह्नांकन किया गया, जिन्हें इस कार्य से पृथक करने के लिये 40 हजार प्रति लाभार्थी के हिसाब से आर्थिक सहायता प्रदान की गयी तथा चिह्नांकित लाभार्थियों को ऋण/अनुदान उपलब्ध कराने की दिशा में निरन्तर कार्य किया जा रहा है।

बैठक में चर्चा के दौरान सफाई कर्मियों के प्रतिनिधियों ने सफाई कर्मियों को नगर निगम, नगरपालिका परिषद आदि संस्थाओं द्वारा मूलभूत सुविधायें उपलब्ध कराने का मामला उठाया। इस पर एमएनए हरिद्वार दयानन्द सरस्वती ने बताया कि नगर निगम हरिद्वार द्वारा नालों की सफाई करने वाले 124 कर्मियों को बूंट, ग्लब्स, जाकेट आदि उपलब्ध कराये गये हैं तथा जहां-जहां पर नाले चौड़े हैं, वहां-वहां उपकरणों की माध्यम से सफाई की जा रही है।जिलाधिकारी ने बैठक में समाज कल्याण अधिकारी को निर्देश दिये कि वे एक सर्वे करायें कि किन-किन स्थानों में हाथ से मैला उठाया जाता है, किन-किन इलाकों में सोखपिट का इस्तेमाल किया जा रहा है तथा मैला उठाने तथा सफाई के लिये किन-किन



उपकरणों/किट की आवश्यकता है, का एक पूरा विवरण एक महीने में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी कहा कि जो भी उपकरण खरीदे जाएंगे, उनको संचालित करने का प्रशिक्षण मैनुअल से सफाई करने वाले कर्मियों को दिया जायेगा।

## संपादकीय

# रुपये में गिरावट का मतलब

लंबे समय से स्थिर रुपये में पिछले दिनों अचानक गिरावट आने लगी है. रुपये और डॉलर की विनिमय दर छह दिसंबर, 2021 को 75.30 रुपये प्रति डॉलर थी, जो 25 अप्रैल, 2022 को 76.74 रुपये और 24 मई, 2022 को 77.6 रुपये तक पहुंच गयी. कोरोना की शुरुआत (अप्रैल 2020) में यह विनिमय दर 76.50 रुपये प्रति डॉलर थी, जो बेहतर होती हुई जनवरी 11, 2022 तक 74 रुपये प्रति डॉलर के आसपास आ गयी, लेकिन हालिया गिरावट ने वह लाभ समाप्त कर दिया है.,पर अभी भी डॉलर अप्रैल, 2020 के स्तर के लगभग 1.4 प्रतिशत ही ऊपर है. दुनियाभर में महंगाई बढ़ रही है. अप्रैल में अमेरिका, इंग्लैंड और यूरोपीय संघ में महंगाई की दर क्रमशः 8.3, 7.0 और 7.5 प्रतिशत रही. भारत में भी अप्रैल में खुदरा महंगाई की दर 7.79 प्रतिशत रही, जो पिछले 4-5 वर्षों की तुलना में काफी अधिक मानी जा रही है. रुपये में आ रही गिरावट देश में महंगाई को और अधिक बढ़ा सकती है. भारतीय रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर माइकल पात्रा की एक रपट के अनुसार रुपये में एक प्रतिशत की गिरावट हमारी महंगाई को 0.15 प्रतिशत बढ़ा सकती है, जिसका असर अगले पांच माह में दिख सकता है. कच्चे तेल की अंतरराष्ट्रीय कीमतें काफी बढ़ने से रुपये की गिरावट भारतीय उपभोक्ताओं के लिए पेट्रोलियम कीमतों को और बढ़ा सकती है, जिसके कारण कच्चे माल, औद्योगिक ईंधन, परिवहन लागत आदि भी बढ़ सकती है. तेज महंगाई आर्थिक वृद्धि पर भी प्रतिकूल असर डालती है. ऐसा इसलिए है कि एक ओर महंगाई को थामने और दूसरी ओर वास्तविक ब्याज दर को भी धनात्मक रखने के लिए रिजर्व बैंक को रेपो रेट बढ़ाना पड़ता है. यह ग्रोथ की राह को मुश्किल बना देती है, क्योंकि उससे उपभोक्ता मांग, व्यावसायिक और इंफ्रास्ट्रक्चर निवेश आदि पर प्रतिकूल असर होता है. इसीलिए रिजर्व बैंक को सरकार द्वारा निर्देश है कि वह मुद्रास्फीति को चार प्रतिशत (जमा-घटा दो प्रतिशत) तक सीमित रखे यानी मुद्रास्फीति की दर किसी भी हालत में छह प्रतिशत से अधिक नहीं होने देना है. लंबे समय से भारत में रुपये की अन्य मुद्राओं के साथ विनिमय दर बाजार द्वारा निर्धारित होती रही है. सैद्धांतिक तौर पर सोचें, तो डॉलर और अन्य महत्वपूर्ण मुद्राओं की मांग और आपूर्ति के आधार पर रुपये की विनिमय दर तय होती है. पिछले कुछ समय से हमारे आयात अभूतपूर्व तौर पर बढ़े हैं. हालांकि निर्यात में भी रिकॉर्ड वृद्धि हुई है, लेकिन आयात में तेज वृद्धि होने से हमारा व्यापार घाटा काफी बढ़ चुका है. पिछले काफी समय से पोर्टफोलियो निवेशक देश से भारी मात्रा में निवेश वापिस ले गये हैं. इसका असर शेयर बाजार पर तो पड़ा ही है, डॉलर की आपूर्ति भी प्रभावित हुई है. जब भी रुपये में गिरावट शुरू होती है, तो सट्टेबाज आदि भी पैसा बनाने के लिए बाजार में डॉलर की कृत्रिम कमी कर देते हैं. रिजर्व बैंक भारत के विदेशी मुद्रा भंडार का संरक्षक तो है ही, उसके पास मुद्रा की विनिमय दर को स्थिर रखने का भी दायित्व है. ऐसे में जब सट्टेबाज और बाजारी शक्तियां रुपये को कमजोर करने की कोशिश करती हैं, तो रिजर्व बैंक महंगाई को थामने, मौद्रिक स्थिरता और ग्रोथ संबंधी अपने दायित्व के मद्देनजर विदेशी मुद्रा बाजार में हस्तक्षेप करता है तथा आवश्यकता पड़ने पर अपने भंडार से डॉलर बेच कर आपूर्ति बढ़ा देता है.

# उत्तराखण्ड पुलिस के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया : डीजीपी अशोक कुमार



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

उत्तराखण्ड के डीजीपी अशोक कुमार ने 10th National Dragon Board Championship में पदक प्राप्त खिलाड़ियों से मिलकर उन्हें शुभकामनाएं देते हुये भविष्य में होने वाली प्रतियोगिताओं के लिए कड़ी मेहनत व लगन से अभ्यास करने व स्वर्ण पदक प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया।

आपको बता दें कि 17 मई, 2022 से 22 मई, 2022 तक भोपाल, मध्य प्रदेश में आयोजित हुई 10th National Dragon Board Championship में उत्तराखण्ड पुलिस के खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए पुरूष 500 मीटर स्पर्धा में स्वर्ण पदक, पुरूष 2000 मीटर स्पर्धा में रजत पदक एवं मिश्रित 2000 मीटर स्पर्धा में रजत पदक अर्जित कर प्रदेश का मान बढ़ाया है। डीजीपी अशोक कुमार ने कहा कि हमारे खिलाड़ी राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धाओं में पदक जीतकर देश और प्रदेश को गौरवान्वित कर रहे हैं, जिन पर हमें गर्व है। इस अवसर पर सभी खिलाडियों ने आश्वस्त किया कि आने वाले प्रतियोगिताओं में एक बार फिर से उत्तराखण्ड पुलिस का नाम रोशन करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेगें।

# ट्रक ड्राइवरों के नेत्र परीक्षण शिविर में बांटे गए चश्मे - प्रोजेक्ट कोआर्डिनेटर निदा की पहल



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

संस्था द्वारिका सेवा संस्थान, लखनऊ को सड़क परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित सात दिवसीय निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर एवं चश्मा वितरण कार्यक्रम लखनऊ-फैजाबाद रोड, बाराबंकी पर किया गया।

कार्यक्रम में बाराबंकी में सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी एवं सहायक परिवहन अधिकारी, बाराबंकी के आदेश पर आयोजित किया गया। संस्था कोआर्डिनेटर ने पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया। अतिथियों द्वारा ट्रक ड्राईवरों के आँखों की जॉच के पश्चात उन्हें अपने हाथों से चश्मा वितरित किया गया।

संस्था ने बताया कि अभी तक लगभग 250 ट्रक ड्राईवरों का नेत्र परीक्षण कर उन्हें चश्मा वितरित किया जा चुका है। इस कार्यक्रम में ट्रक ड्राईवर काफी रूचि दिखा रहे है और प्रतिभाग करके अपना योगदान दे रहे है। कार्यक्रम में आने वाले सभी ट्रक ट्रक ड्राईवरों को संस्था की ओर से मोटिवेशनल किट भी दिया जा रहा है। संस्था प्रोजेक्ट कोआर्डिनेटर निदा, आसिफ, हस्सान, सहित कई लोग कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे है।

# उत्तरकाशी की बेटी ने 15 दिन में नाप दिए एवरेस्ट और मकालू पर्वत

उत्तरकाशी के लोंथरु गांव निवासी पर्वतारोही सविता कंसवाल ने माउंट एवरेस्ट के बाद 15 दिन के अंदर माउंट मकालू पर सफल आरोहण कर नेशनल रिकॉर्ड बनाया है। उनकी सफलता से क्षेत्र में खुशी की लहर है। सविता कंसवाल ने 12 मई को दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट (8848.86 मीटर) पर तिरंगा फहराया था। उनके कदम यहीं नहीं रुके। इसके बाद उन्होंने माउंट मकालू (8463 मीटर) पर आरोहण किया। 15 दिन के अंदर दोनों पर्वतों पर आरोहण कर उन्होंने नया नेशनल रिकॉर्ड अपने नाम किया। चार बहनों में सबसे छोटी सविता (25) का जीवन संघर्षपूर्ण रहा है। सरकारी स्कूल से पढ़ीं सविता ने 2013 में नेहरू पर्वतारोहण संस्थान (निम) उत्तरकाशी से पर्वतारोहण का बेसिक कोर्स किया। सविता ने एडवांस और सर्च एंड रेस्क्यू कोर्स के साथ पर्वतारोहण प्रशिक्षक का कोर्स भी किया। सविता नेहरू पर्वतारोहण संस्थान की एक कुशल प्रशिक्षक भी हैं। सविता की सफलता पर निम के प्रधानाचार्य कर्नल अमित बिष्ट, पर्वतारोही विष्णु सेमवाल, माउंटेनियरिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष जयेंद्र राणा, होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष शैलेंद्र मटूड़ा, अजय पुरी, शैलेंद्र नौटियाल, माधव जोशी आदि ने खुशी जताई है। सविता इससे पूर्व त्रिशूल पर्वत (7120 मीटर), हनुमान टिब्बा(5930 मीटर), कोलाहाई (5400 मीटर), द्रौपदी का डांडा (5680 मीटर), तुलियान चोटी (5500 मीटर), दुनिया की चौथी सबसे ऊंची चोटी माउंट ल्होत्से (8516 मीटर) पर सफल आरोहण कर चुकी हैं।



# कश्मीर में हिंदुओं की टारगेट किलिंग पर एक्शन में गृह मंत्रालय, अमित शाह ने संभाली कमान

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

नई दिल्ली, एजेंसी। कश्मीर में हिंदुओं की लगातार हो रही टारगेट किलिंग की वारदातों को गृह मंत्रालय ने गंभीरता से लिया है। कश्मीर की सुरक्षा चुनौतियों के मसले पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने खुद कमान संभाल ली है। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि गृह मंत्री 3 जून को उपराज्यपाल मनोज सिन्हा एवं अन्य अधिकारियों के साथ जम्मू-कश्मीर की स्थिति पर चर्चा करने के लिए एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करेंगे। घाटी में आतंकियों द्वारा टारगेट किलिंग के बीच एक पखवाड़े से भी कम समय में यह दूसरी ऐसी बैठक होगी।

समाचार एजेंसी पीटीआइ के मुताबिक अधिकारियों ने कहा कि इस समीक्षा बैठक में उपराज्यपाल के अलावा, केंद्र शासित प्रदेश और केंद्रीय गृह मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी भाग लेंगे। यह बैठक कश्मीर घाटी में आतंकियों द्वारा हिंदू सरकारी कर्मचारियों की टारगेट किलिंग (Target Killing in Kashmir) के मद्देनजर हो रही है। बैठक में अमरनाथ यात्रा की तैयारियों की समीक्षा भी हो सकती है। मालूम हो कि यह यात्रा इस महीने के अंत से शुरू हो सकती है।

17 मई को आयोजित पिछली बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री ने समन्वित आतंकरोधी अभियान पर जोर दिया था। उन्होंने सुरक्षा बलों को सीमापार से घुसपैठ पूरी तरह रोकने और केंद्र शासित प्रदेश से आतंकवाद का पूरी तरह सफाया करने के निर्देश दिए थे।

इस बीच उपराज्यपाल मनोज सिन्हा की अध्यक्षता में बुधवार को एक उच्च स्तरीय बैठक हुई जिसमें फैसला लिया गया कि कश्मीर में प्रधानमंत्री रोजगार पैकेज के तहत नियुक्त कश्मीरी हिंदू कर्मचारियों और जम्मू संभाग के हिंदू कर्मियों को छह जून तक सुरक्षित जगहों पर नियुक्त किया जाएगा। यही नहीं उनकी समस्याओं के समाधान के लिए उपराज्यपाल सचिवालय और महाप्रशासनिक विभाग में एक विशेष प्रकोष्ठ भी बनाया जाएगा। अगर कोई वरिष्ठ अधिकारी इन्हें प्रताड़ित करता पाया गया तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई होगी।

आधिकारिक सूत्रों की मानें तो हिंदू कर्मचारियों को अब दूरदराज के इलाकों में तैनात करने के बजाय किसी एक ही शहर या कस्बे में तैनात किया जाएगा। साथ ही उन्हें एक साथ ही आवासीय सुविधा प्रदान की जाएगी। आतंकियों ने हाल ही में अध्यापिका रजनी बाला और कर्मचारी राहुल भट्ट की हत्या कर दी थी। कश्मीर में बढ़ रही टारगेट किलिंग की घटनाओं से हिंदू कर्मचारियों में भय का माहौल है। रजनी कश्मीर में कार्यरत हिंदू कर्मचारी अपने स्थानांतरण की मांग कर रहे हैं।

समाचार एजेंसी पीटीआइ के मुताबिक दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कश्मीर घाटी में कश्मीरी पंडितों को निशाना बनाए जाने की घटनाओं पर बुधवार को दुख जताते हुए उन्हें पर्याप्त सुरक्षा दिए जाने की मांग की। केजरीवाल ने कहा कि आतंकी संगठन जम्मू-कश्मीर में सांप्रदायिक सौहार्द को बिगाड़ना चाहते हैं इसी वजह से कश्मीरी पंडितों को निशाना बनाया जा रहा है। लगातार कश्मीरी पंडितों की हत्याएं हो रही हैं। इन वारदातों ने 90 के दशक में हुई घटनाओं की यादें ताजा कर दी हैं।

इस बीच नेशनल कांफ्रेंस के अध्यक्ष डा. फारूक अब्दुल्ला ने सरकार को अमरनाथ यात्रा के दौरान बहुत ही सतर्क रहने की चेतावनी दी है। उन्होंने कहा है कि यदि यात्रा के दौरान छोटी सी भी अप्रिय घटना या अनहोनी होती है तो इसका खतरनाक परिणाम न सिर्फ जम्मू कश्मीर, बल्कि पूरे देश को झेलना पड़ेगा। इसलिए यात्रा की सुरक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि कश्मीर में हालात सामान्य होने के दावा करने के बजाय सरकार को सच्चाई समझनी चाहिए।



# महाराष्ट्र में 1,081 नए केस; मुंबई में टूटा चार महीने का रिकार्ड

■ डराने लगा कोरोना तो सरकार ने भी कसी कमर



नई दिल्ली, एजेंसी। देश में कोरोना संक्रमण की स्थिति फिलहाल स्थिर बनी हुई है। हालांकि कुछ राज्यों में मामलों में थोड़ी बढ़ोतरी भी देखी जा रही है। महाराष्ट्र में बुधवार को कोरोना के 1,081 नए मामले सामने आए। बीते 24 फरवरी के बाद से महाराष्ट्र में एक दिन में सामने आए ये सर्वाधिक मामले हैं। वहीं महानगर मुंबई में लगभग चार महीने बाद सबसे ज्यादा 739 मामले सामने आए हैं। दूसरी ओर राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में बीते 24 घंटों में कोरोना के 368 नए मामले सामने आए। कोविड-19 संक्रमण (Coronavirus Cases in India) को लेकर देश में क्या है सूरते हाल पढ़ें यह रिपोर्ट...

राजधानी दिल्ली में बुधवार को कोरोना के 368 केस मिले। मौजूदा वक्त में दिल्ली में सक्रिय मामले 1,567 है और संक्रमण दर 1.74 फीसद है। वहीं महाराष्ट्र में एक दिन में संक्रमण के 1,081 नए केस सामने आए जो 24 फरवरी के बाद एक दिन में सर्वाधिक केस है। वहीं मुंबई में बीते चार महीने के बाद सबसे ज्यादा संक्रमण के 739 नए मामले सामने आए। महाराष्ट्र में फिलहाल 4,032 एक्टिव केस हैं। 24 फरवरी को कोरोना संक्रमण के 1,124 मामले दर्ज किए गए थे।

इस बीच तमिलनाडु के स्वास्थ्य मंत्री मा सुब्रमण्यम ने राज्य में कोरोना के मामले बढ़ने के लिए अन्य राज्यों खास तौर पर उत्तर भारत से आने वाले छात्रों को जिम्मेदार ठहराया। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि स्थिति अभी खतरनाक स्तर पर नहीं है। उन्होंने बताया कि लगभग 91 फीसद छात्रों में Omicron BA.2 वैरिएंट की पुष्टि हुई है। फलिहाल स्थिति नियंत्रण में है क्योंकि जरूरी एहतियाती उपाय किए गए हैं। इस बयान को लेकर उन्हें सोशल मीडिया पर जमकर ट्रोल किया गया है। यूजर्स ने इस बयान के लिए मंत्री की कड़ी आलोचना की है। बुधवार सुबह आठ बजे अपडेट किए गए स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, बीते 24 घंटे में 2,745 नए मामले मिले हैं और छह लोगों की मौत हुई है। इस दौरान सक्रिय मामलों में 503 की बढ़ोतरी दर्ज की गई है और इनकी संख्या बढ़कर 18,386 हो गई है। पिछले कुछ दिनों से रोजाना दो से तीन हजार के बीच नए मामले मिल रहे हैं। दैनिक संक्रमण दर 0.60 प्रतिशत और साप्ताहिक संक्रमण दर 0.63 प्रतिशत दर्ज की गई है। यही नहीं देश में मरीजों के उबरने की दर 98.74 प्रतिशत और मृत्युदर 1.22 प्रतिशत पर बरकरार है। कोरोना महामारी दोबारा लौट के न आए, इसको ध्यान में रखते हुए सरकार ने टीकाकरण को गति देने के लिए बुधवार से विशेष अभियान शुरू किया। 'हर घर दस्तक 2.0' अभियान के दूसरे चरण में वृद्ध आश्रमों, स्कूलों, कालेजों और जेलों में टीकाकरण पर खास ध्यान दिया जाएगा। पिछले साल नवंबर में शुरू किए गए विशेष टीकाकरण अभियान के पहले चरण के अनुभवों को एक जून से 31 जुलाई के बीच चलने वाले दूसरे चरण में लागू किया जा रहा है।

स्वास्थ्य मंत्रालय की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से इसे मिशन मोड में लेने की सलाह दी गई है। साथ ही कोरोना वायरस के खिलाफ सभी पात्र लोगों को टीके का सुरक्षा कवच प्रदान करने के लिए सघन अभियान चलाने को कहा गया है। 'हर घर दस्तक 2.0' अभियान का मुख्य मकसद घर-घर जाकर सभी पात्र लोगों को पहली, दूसरी और सतर्कता डोज लगाना है।

इसमें 12-14 वर्ष आयुवर्ग के टीकाकरण को गति देने और 60 साल से अधिक उम्र के लोगों को सतर्कता डोज लगाने पर विशेष जोर दिया जाएगा। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक वृद्ध आश्रमों, स्कूलों, कालेजों, जेलों, ईंट भट्ठों जैसी जगहों पर खासतौर पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। कोशिश यह भी है कि 12-18 वर्ष आयुवर्ग का कोई भी बच्चा टीकाकरण से वंचित न रहने पाए, भले ही वह स्कूल जाता हो या नहीं। राज्यों को निगरानी बढ़ाने की सलाह मंत्रालय ने सभी राज्यों को निगरानी बढ़ाने की सलाह दी है। टीकाकरण के लिए जिला, ब्लाक और ग्राम स्तर पर योजना बनाने को कहा है। निजी अस्पतालों में 18-59 वर्ष के लोगों को लगाई जा रही सतर्कता डोज की स्थिति की भी समीक्षा करते रहने को कहा है। 15 साल से अधिक उम्र के 96.3 प्रतिशत लोगों को पहली डोज लगीमंत्रालय के मुताबिक देशभर में अब तक कोरोना रोधी वैक्सीन की कुल 193.57 करोड़ डोज लगाई जा चुकी हैं।

# सीएम नीतीश कुमार ने कहा, बिहार में सभी धर्मों की जातियों-उपजातियों की होगी गणना

पटना, एजेंसी। बिहार में जाति आधारित गणना का रास्ता साफ हो गया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को संवाद कक्ष में आयोजित सर्वदलीय बैठक में सर्वसम्मति से राज्य में जाति आधारित गणना कराने का फैसला लिया गया। कैबिनेट की अगली बैठक में प्रस्ताव पास होगा। मुख्यमंत्री ने बैठक में शामिल सभी दलों के नेताओं को मीडिया से रूबरू कराते हुए कहा कि बिहार में सभी धर्मों की जातियों एवं उपजातियों की गणना कराई जाएगी। ऐसी गणना करने वाला बिहार दूसरा राज्य होगा। इससे पहले कर्नाटक ने कराया था, जिसकी रिपोर्ट प्रकाशित नहीं हुई।



मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में डेढ़ घंटे भर चली बैठक में विधानसभा में प्रतिनिधित्व करने वाले सभी नौ दलों के प्रतिनिधियों ने सर्वसम्मति से जाति आधारित गणना कराने की सहमति दी और सुझाव भी दिए। नौ से 10 महीने में गणना का काम पूरा करने पर सहमति बनी। पत्रकारों से बातचीत में नीतीश कुमार ने कहा कि हम लोगों ने इसका नाम जाति आधारित गणना दिया है। किसी तरह से कोई मतभेद नहीं है। हम सबने केंद्र से अनुरोध किया था। जब कहा गया कि ऐसी गणना राष्ट्रीय स्तर पर नहीं होगी तो इसे राज्य स्तर पर कराने का फैसला किया गया। आज सभी राज्य इस पर विचार कर रहे हैं। सभी राज्यों में यह हो जाएगा तो राष्ट्रीय स्तर पर अपने आप होने लगेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज की बातचीत के आधार पर बहुत जल्दी कैबिनेट का निर्णय होगा, जिसमें यह भी तय होगा कि पूरा काम तय समय सीमा में हो जाए। गणना कार्य में हर लोगों के बारे में पूरी जानकारी ली जाएगी। राशि का प्रबंध किया जाएगा। विज्ञापन के माध्यम से प्रचारित किया जाएगा ताकि सभी लोग इसके बारे में जान सकें। इस काम लगाए जानेवाले लोगों को ट्रेनिंग दी जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गणना पूरा करने के लिए समय बहुत कम रखा जाएगा। इसके लिए विशेष ट्रेनिंग कराई जाएगी। प्रक्रिया पूरी होने के बाद आंकड़ों को प्रकाशित किया जाएगा, ताकि सबको पता चल सके। जाति के साथ ही सभी संप्रदायों की जातियों और उपजातियों की गणना की जाएगी। मुसलमानों के भीतर भी उपजाति निकल कर आएगी। उद्देश्य के बारे में मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्य मकसद लोगों को आगे बढ़ाना है। जो पीछे हैं, उपेक्षित हैं, सबका विकास हो। कोई पीछे न रहे इसलिए ठीक ढंग से कराया जाएगा। गणना का जैसे-जैसे काम होता रहेगा, उसका अपडेट सभी पार्टियों को दिया जाएगा। डीएम नोडल अधिकारी बनाए जाएंगे।

दैनिक
न्यूज वायरस

न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, मेरठ के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक मौ. सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से मुद्रित एवं 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

सम्पादक :
मौ. सलीम सैफी

कार्यकारी सम्पादक
आशीष तिवारी

दूरभाष : 0135-2672002

email-dainiknewsvirus@gmail.com

RNI No.- UTTHIN/2012/44094

वाद-विवाद का न्याय क्षेत्र देहरादून न्यायालय मान्य होगा